**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *19**
**उत्तर देने की तारीख 07 दिसम्बर, 2022**

**देश में 5जी सेवाएं**

***19. प्रो. सौगत राय:**

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में 5जी सेवाओं की उपलब्धता की स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) 5जी विस्तार के पहले चरण के लिए चिन्हित किए गए शहरों/महानगरों का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में 5जी सेवा के टैरिफ का ब्यौरा क्या है;

(घ) 5जी नीलामी के माध्यम से कुल राजस्व संग्रह राज्य-वार कितना है; और

(ङ) देश में उन शहरों का ब्यौरा क्या है जिन्हें एक वर्ष के भीतर 5जी सेवाएं मिलने की संभावना है?

**उत्तर**
**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

(क) से (ङ) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**लोक सभा में "देश में 5जी सेवाएं" के बारे में दिनांक 07 दिसंबर, 2022 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या *19 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में सदन के पटल पर रखा जाने वाला विवरण।**

(क) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने दिनांक 01.10.2022 से देश में 5जी सेवाएं उपलब्ध करानी शुरू कर दी हैं और दिनांक 26.11.2022 तक 50 कस्बों में 5जी सेवाएं शुरू हो गई हैं।

(ख) विभाग ने अभिगम स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना (एनआईए) में रोल-आउट दायित्व निर्दिष्ट किए हैं। देश में 5जी सेवाओं की तैनाती के लिए किसी विशेष शहर/नगर का उल्लेख नहीं किया गया है। रोल-आउट दायित्वों की मुख्य विशेषताएं अनुबंध-। में संलग्न हैं।

(ग) टीएसपी ने सूचित किया है कि वे वर्तमान में अपने उपभोक्ताओं को बिना किसी अन्य लागत के 5जी से लैस उपकरणों के साथ 5जी सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

(घ) भारत सरकार ने 72,098 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम (प्रौद्योगिकी तटस्थ) की नीलामी की थी जिसमें से टीएसपी को 51,236.2 मेगाहर्ट्ज (अर्थात कुल स्पेक्ट्रम का 71%) आवंटित किया गया था जिसकी बोली की राशि 1,50,173.29 करोड़ रू. थी। सेवा क्षेत्र-वार सूची अनुबंध-II में संलग्न है।

(ङ) अभिगम स्पेक्ट्रम की नीलामी हेतु एनआईए और लाइसेंस शर्तों के अनुसार स्पेक्ट्रम के आंवटन की तारीख से चरणबद्ध तरीके से पांच वर्ष की अवधि में न्यूनतम रोल-आउट दायित्वों को पूरा करना आवश्यक है। अनिवार्य रोल-आउट दायित्वों के अलावा मोबाइल नेटवर्क का आगे विस्तार टीएसपी के तकनीकी-वाणिज्यिक पहलुओं पर निर्भर करता है।

**अनुबंध-I**

अभिगम स्पेक्ट्रम की नीलामी हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना (एनआईए) में रोल-आउट दायित्वों की प्रमुख विशेषताएं

**क. <u>3300 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के संबंध में रोल-आउट दायित्व</u>**

(i) मेट्रो एलएसए के अलावा लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्रों (एलएसए) अर्थात् दूरसंचार सर्किलों में

| **समय अवधि** | **रोल-आउट दायित्व (प्रति एलएसए)** | **लक्षित साइटों का उपयोग करके कवर किए जाने वाले न्यूनतम कस्बों की संख्या (प्रति एलएसए)** |
|---|---|---|
| चरण-1: प्रथम वर्ष के अंत तक | एलएसए में कम से कम 1 शहर में सेवाओं को वाणिज्यिक रूप से शुरू करना | 1 |
| चरण-2: तीसरे वर्ष के अंत तक | तैनात की जाने वाली साइटों की संचयी संख्या:<br>श्रेणी क एलएसए: 700<br>श्रेणी ख एलएसए: 460<br>श्रेणी ग एलएसए: 260 | श्रेणी क एलएसए में: 14<br>श्रेणी ख एलएसए में: 9<br>श्रेणी ग एलएसए में: 5 |
| चरण-3: पांचवें वर्ष के अंत तक | तैनात की जाने वाली साइटों की संचयी संख्या (आर्थिक जोन सहित ग्रामीण एसडीसीए में साइटों का कम से कम 5%):<br>श्रेणी क एलएसए: 2000<br>श्रेणी ख एलएसए: 1400<br>श्रेणी ग एलएसए: 940 | श्रेणी क एलएसए में: 40<br>श्रेणी ख एलएसए में: 28<br>श्रेणी ग एलएसए में: 19 |

(ii) मेट्रो एलएसए:

| **समय अवधि** | **रोल-आउट दायित्व (प्रति एलएसए)** |
|---|---|
| चरण-1: प्रथम वर्ष के अंत तक | एलएसए में कहीं भी सेवाओं को वाणिज्यिक रूप से शुरू करना |
| चरण-2: तीसरे वर्ष के अंत तक | प्रत्येक एलएसए में तैनात की जाने वाली साइटों की संचयी संख्या: 280 |
| चरण-3: पांचवें वर्ष के अंत तक | प्रत्येक एलएसए में तैनात की जाने वाली साइटों की संचयी संख्या: 920 |

**26 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के संबंध में रोल-आउट दायित्व**

(i) मेट्रो एलएसए के अलावा लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्रों (एलएसए) अर्थात् दूरसंचार सर्किलों में

| **समय अवधि** | **रोल-आउट दायित्व (प्रति एलएसए)** | **लक्षित साइटों का उपयोग करके कवर किए जाने वाले न्यूनतम कस्बों की संख्या (प्रति एलएसए)** |
|---|---|---|
| चरण-1: प्रथम वर्ष के अंत तक | एलएसए में कहीं भी सेवाओं को वाणिज्यिक रूप से शुरू करना | 1 |
| चरण-2: तीसरे वर्ष के अंत तक | तैनात की जाने वाली साइटों की संचयी संख्या:<br>श्रेणी क एलएसए: 240<br>श्रेणी ख एलएसए: 150<br>श्रेणी ग एलएसए: 80 | श्रेणी क एलएसए में: 2<br>श्रेणी ख एलएसए में: 1<br>श्रेणी ग एलएसए में: 1 |
| चरण-3: पांचवें वर्ष के अंत तक | तैनात की जाने वाली साइटों की संचयी संख्या:<br>श्रेणी क एलएसए: 660<br>श्रेणी ख एलएसए: 460<br>श्रेणी ग एलएसए: 300 | श्रेणी क एलएसए में: 7<br>श्रेणी ख एलएसए में: 5<br>श्रेणी ग एलएसए में: 3 |

(ii) मेट्रो एलएसए:

| **समय अवधि** | **रोल-आउट दायित्व (प्रति एलएसए)** |
|---|---|
| चरण-1: प्रथम वर्ष के अंत तक | एलएसए में कहीं भी सेवाओं को वाणिज्यिक रूप से शुरू करना |
| चरण-2: तीसरे वर्ष के अंत तक | प्रत्येक एलएसए में तैनात की जाने वाली साइटों की संचयी संख्या: 90 |
| चरण-3: पांचवें वर्ष के अंत तक | प्रत्येक एलएसए में तैनात की जाने वाली साइटों की संचयी संख्या: 300 |

**अनुबंध-II**

वर्ष 2022 की नीलामी के माध्यम से आवंटित 51236.2 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के संबंध में सेवा क्षेत्र-वार राजस्व संकलन का विवरण निम्नलिखित है:

| क्र.सं. | सेवा क्षेत्र | कुल बोली की राशि (करोड़ रू. में) | वित्त वर्ष 2022-23 में प्राप्त राशि (करोड़ रू. में) * |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 11943.30 | 1405.95 |
| 2 | असम | 2212.80 | 283.31 |
| 3 | बिहार | 5276.00 | 665.98 |
| 4 | दिल्ली | 17990.00 | 2253.21 |
| 5 | गुजरात | 11870.00 | 1429.15 |
| 6 | हरियाणा | 2666.00 | 335.05 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 880.00 | 112.87 |
| 8 | जम्मू एवं कश्मीर | 594.00 | 73.41 |
| 9 | कर्नाटक | 8560.00 | 999.33 |
| 10 | केरल | 4354.00 | 529.91 |
| 11 | कोलकाता | 6605.00 | 838.46 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 6718.00 | 768.62 |
| 13 | महाराष्ट्र | 15076.00 | 1827.54 |
| 14 | मुम्बई | 16032.00 | 1994.07 |
| 15 | पूर्वोत्तर | 555.00 | 48.92 |
| 16 | ओडिशा | 2370.66 | 298.13 |
| 17 | पंजाब | 3930.00 | 468.65 |
| 18 | राजस्थान | 5827.50 | 521.06 |
| 19 | तमिलनाडु | 8769.00 | 1056.48 |
| 20 | उत्तर प्रदेश (पूर्व) | 7602.53 | 875.77 |
| 21 | उत्तर प्रदेश (पश्चिम) | 6468.50 | 739.34 |
| 22 | पश्चिम बंगाल | 3873.00 | 483.04 |
| **कुल** | | **150173.29** | **18008.25** |

*प्राप्त राशि अभिगम स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना (एनआईए) में उल्लिखित भुगतान शर्तों के अनुसार है।

*****